# 0204

Total No. of Questions - **16**
Total No. of Printed Pages - **8**

**Regd. No.** | | | | | | | | | | |

## Part - II

# HINDI, Paper - II

**(Second Language)**

**MODEL QUESTION PAPER (FOR IPE 2020-21 ONLY)**

***Time :* 3 Hours** | ***Max. Marks :* 100**

**सूचनाएँ:** 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य हैं ।

## खण्ड 'क'

## (60 अंक)

**I.** निम्नलिखित **किसी एक** पद्य का भावार्थ लिखिए । 1 × 6 = 6

1. रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरो चटकाय ।
टूटे से फिर ना जुरै, जुरै गांठ पर जाय ।।

2. खैर, खून, खाँसी, खुसी, बैर, प्रीति, मदपान ।
रहिमन दाबै ना दबै, जानत सकल जहान ।।

3. मेरी भव-बाधा हरौ, राधा नागरि सोय ।
जा तन की झांई परै, स्यामु हरित-दुति होय ।।

**II.** निम्नलिखित **किसी एक** कविता का सारांश 5-6 वाक्यों में लिखिए । 1 × 6 = 6

1. गुलाबी चूड़ियाँ

2. जो बीत गयी

3. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं'

Turn Over

III. निम्नलिखित **किसी एक** पाठ का सारांश 5-6 वाक्यों में लिखिए । $1 \times 6 = 6$

1. उपभोक्तावाद की संस्कृति
2. सयानी बुआ
3. तेलंगाना के दर्शनीय स्थल

IV. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखिए । $2 \times 4 = 8$

1. गोबरधनदास के बारे में आप क्या जानते हैं?
2. 'अंधेर नगरी' एकांकी के अंत में फाँसी पर कौन चढ़ा और क्यों?
3. रतन कौन है? उसके बारे में तीन-चार वाक्य लिखिए ।
4. 'गाँव का ईश्वर' एकांकी का उद्देश्य क्या है ?

V. निम्नलिखित पद्यांशों में से **किन्हीं दो** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।
$2 \times 3 = 6$

1. प्राइवेट बस का ड्राइवर है तो क्या हुआ,
सात साल की बच्ची का पिता तो है!
सामने गियर से ऊपर
हुक से लटका रक्खी हैं
काँच की चार चूड़ियाँ गुलाबी

2. कितने इसके तारे टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे,
जो छूट गए फिर कहाँ मिले;
पर बोलो टूटे तारों पर
कब अम्बर शोक मनाता है ।
जो बीत गई सो बात गई!

3. सूखी कितनी इस की कलियाँ
मुर्झाई कितनी वल्लरियाँ,
जो मुर्झाई फिर कहाँ खिलीं;
पर बोलो सुखे फूलों पर
कब मधुवन शोर मचाता है ।
जो बीत गई सो बात गई!

Turn Over

4. क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें
क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग बिरंगी किताबों को

5. हाँ भाई, मैं भी पिता हूँ
वो तो बस यूँ ही पूछ लिया आपसे
वरना किसे नहीं भाएँगी ?
नन्हीं कलाइयों की गुलाबी चूड़ियाँ!

**VI.** निम्नलिखित गद्यांशों में से **किन्हीं दो** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । $2 \times 3 = 6$

1. हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है । जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती । न बहुविज्ञापित शीतल पेयों से । भले ही वे अंतर्राष्ट्रीय हों ।
2. पहाड़ मुझे उतना ऊँचा कभी नही लगा जितना लोग बताते हैं । मनुष्य से ज़्यादा ऊँचा कोई नहीं होता ।
3. कहते हैं, जो पेंसिल वे एक बार खरीदती थीं, वह जब तक इतनी छोटी न हो जाती कि उनकी पकड में भी न आए तब तक उससे काम लेती थीं ।
4. उपभोक्ता संस्कृति हमारी सामाजिक नींव को ही हिला रही है । यह एक बड़ा ख़तरा है । भविष्य के लिए यह एक बड़ीं चुनौती है ।
5. वास्तव में तेलंगाना धरती की भीनी-भीनी सुगंध माँ भारती के अंग-अंग को सुरभित करती है।

**VII.** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए । $2 \times 3 = 6$

1. रहीम के अनुसार अपने दुःख क्यों छिपाना चाहिए ?
2. बिहारी का संक्षिप्त परिचय लिखिए ।
3. 'गुलाबी चूड़ियाँ' कविता मे निहित मूल भावना का वर्णन कीजिए ।
4. बीत गयी सो बात गयी कविता में प्रकृति के माध्यम से क्या प्रेरणा मिलती है ?

Turn Over

5. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता में कवि क्या प्रश्न पूछता है?

**VIII.** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए । $2 \times 3 = 6$

1. उपभोक्तावाद संस्कृति का आपके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ?
2. दशरथ माँझी ने पहाड़ तोड़ने की बात क्यों सोची?
3. 'पहाड़ से ऊँचा आदमी' पाठ से हम क्या सीखते हैं?
4. सयानी बुआ के व्यक्तित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
5. तेलंगाना के किसी एक मनपसंद दर्शनीय स्थल के बारे में लिखिए ।

**IX.** निम्नलिखित प्रश्नों का **एक वाक्य** में उत्तर लिखिए । $5 \times 1 = 5$

1. रहीम का पूरा नाम क्या है ?
2. बिहारी की रचना का नाम लिखिए ।
3. 'गुलाबी चूड़ियाँ' कविता के कवि कौन हैं ?
4. हालावाद के प्रवर्तक कौन थे?
5. सारी गेंदे कहाँ गिर गईं?

**X.** निम्नलिखित प्रश्नों का **एक वाक्य** में उत्तर लिखिए । $5 \times 1 = 5$

1. उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ के लेखक कौन हैं?
2. दशरथ माँझी ने पहाड़ को किससे काटा ?
3. 'सयानी बुआ' नामक कहानी की लेखिका कौन हैं?
4. सयानी बुआ को किसने पत्र लिखा ।
5. भद्राचलम में किसका मंदिर है?

Turn Over

# खण्ड 'ख'

## (40 अंक)

**XI.** निम्नलिखित में से **एक पत्र** लिखिए । 1 × 5 = 5

1. तीन दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य के नाम पत्र लिखिए ।
2. परीक्षा में अच्छे अंक पाने पर भाई को बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।
3. समय का महत्व बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

**XII.** निम्नलिखित में से **किन्ही आठ** शब्दों का सन्धि विच्छेद कीजिए । 8 × 1 = 8

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. हिमालय | 2. नरेश | 3. स्वागत | 4. सज्जन |
| 5. सदैव | 6. पुस्तकालय | 7. मतैक्य | 8. इत्यादि |
| 9. नमस्ते | 10. देवर्षि | 11. मुनींद्र | 12. मनोबल |
| 13. वनौषधि | 14. यद्यपि | 15. महेश | 16. उल्लास |

**XIII.** निम्नलिखित में से **किन्ही पाँच** शब्दों के समास के नाम लिखिए । 5 × 1 = 5

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. आजीवन | 2. नवग्रह | 3. माता-पिता | 4. भरपेट |
| 5. नीलकंठ | 6. त्रिलोक | 7. अन्न-जल | 8. सतसई |
| 9. शरणागत | 10. राजकुमार | | |

**XIV.** अ) निम्नलिखित विज्ञापन पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
4 × 1 = 4

Page No.
151 Advtg.

.
.
.

Turn Over

1. यह विज्ञापन किस विभाग का है ?

2. भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए हमे क्या करना चाहिए ?

3. यह विज्ञापन किस सप्ताह के संदर्भ में दिया गया है ?

4. देश को किससे मुक्त करना है ?

आ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । $4 \times 1 = 4$

अपने पर्यावरण को बेहत्तर बनाने के लिए हमें सबसे पहले अपनी मुख्य जरूरत 'जल' को प्रदूषण से बचाना होगा । कारखानों का गंदा पानी, घरेलू गंदा पानी, नालियों में प्रवाहित मल, सीवर लाइन का गंदा निष्कासित पानी समीपस्थ नदियों और समुद्र में गिरने से रोकना होगा । कारखानों के पानी में हानिकारक रासायनिक तत्व घुले रहते हैं जो नदियों के जल को विषाक्त कर देते हैं, परिणामस्वरुप जलचरों के जीवन को संकट का सामना करना पड़ता है । दूसरी ओर हम देखते है कि उसी प्रदूषित पानी को सिंचाई के काम में लेते हैं जिसमें उपजाऊ भूमि भी विषैली हो जाती है । उसमें उगने वाली फसल व सब्जियां भी पौष्टिक तत्वों से रहित हो जाती हैं जिनके सेवन से अवशिष्ट जीवननाशी रसायन मानव शरीर में पहुंच कर खून को विषैला बना देते हैं । कहने का तात्पर्य यही है कि यदि हम अपने कल को स्वस्थ देखना चाहते है तो आवश्यक है कि बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा का समुचित ज्ञान समय-समय पर देते रहें । अच्छे व महगें ब्रांड के कपड़े पहनाने से कहीं महत्वपूर्ण है उनका स्वास्थ्य, जो हमारा भविष्य व उनकी पूंजी है ।

1. पर्यावरण को बचाने के लिए सबसे पहले क्या करना चाहिए ?

2. नदियों और समुद्रों में क्या निष्कासित किया जा रहा है?

3. खून कैसे विषैला बनता है ?

4. हमारे भविष्य की पूंजी क्या है ?

Turn Over

**XV.** अ) निम्नलिखित में से **किन्ही चार** मुहावरों के अर्थ लिखिए । $4 \times 1 = 4$

1. अंगूठा छाप होना
2. पेट में चूहे कूदना
3. आग में घी डालना
4. ईद का चाँद होना
5. अँगूठा दिखाना
6. आँखें दिखाना
7. एक और एक ग्यारह
8. अंधे की लाठी

आ) निम्नलिखित में से **किन्ही चार** लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए । $4 \times 1 = 4$

1. आ बैल मुझे मार
2. उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे
3. एक पंथ दो काज
4. काला अक्षर भैंस बराबर
5. यथा राजा तथा प्रजा
6. अक्ल बड़ी या भैंस
7. ऊँट के मुँह में जीरा
8. नेकी और पूछ-पूछ

**XVI.** निम्नलिखित वाक्यों में से **किन्ही तीन** वाक्यों का वाच्य बदलिए । $3 \times 2 = 6$

1. राम पुस्तक पढ़ता है ।
2. वह रोटी खाता है ।
3. सीता नहीं बैठती ।
4. राजु से चला नहीं जाता है ।
5. सीता कहानी लिखती है ।
6. मोहन पाठ पढ़ता है ।
7. उससे खेला जाता है ।
8. वह कविता सुनती है ।